## खबर संक्षेप



### आदित्य एव पूर्वी जैन ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कटनी।** विगत दिवस रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा एलएल.बी. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज (चड्ढा कॉलेज) के एलएल.बी. द्वितीय के छात्र/छात्राओं का परीक्षा छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। महाविद्यालय की एलएल.बी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा पूर्वी जैन ने 432 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, पूर्वी जैन ने फस्ट सेमेस्टर मे भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था एवं आदित्य जैन ने 393 अंक प्राप्त किये। पूर्वी जैन कांग्रेस वरिष्ठ नेता राकेश जैन कक्का की पुत्र बहु है.आदित्य जैन पुत्र है।

### उपार्जन केन्द्रों में संसाधन उपलब्ध कराने दिये निर्देश

**कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन हेतु जारी उपार्जन नीति के अनुसार धान उपार्जन का कार्य 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक भौतिक एवं अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने तथा उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर भारत सरकार द्वारा केन्द्रों का श्रेणीकरण करने के लिये उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध भौतिक एवं अन्य सुविधाओं की प्रविष्टि एवं फोटोग्राफ्स भारत सरकार के पोर्टल www.pcsap.in पर उपार्जन केन्द्र के प्रभारी द्वारा किया जाएगा। इसके लिये कलेक्टर आशीष तिवारी ने सहायक आयुक्त सहकारिता एवं नोडल अधिकारी, जिला केन्द्रीय सहाकारी बैंक मर्यादित जबलपुर को जिले में संचालित सभी विपणन, सेवा सहकारी समितियों में आवश्यक भौतिक एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराना सुनिश्चित कर, तत्संबंध में कलेक्टर कार्यालय में प्रमाण पत्र जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### लापता बालिका दस्तयाब

**ढीमरखेडा।** पुलिस ने लापता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा द्वारा नाबालिक बालक/बालिकाओं की पतासाजी हेतु आदेशित किया गया था। ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक लडकी को दस्तयाब किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 19/01/25 को फरियादी के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 17. 01.25 को इसकी नाबालिक लडकी घर से बिना बताये कहीं चली गई जो वापस नही आई। रिपोर्ट पर धारा 137 (2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर पतासाजी के प्रयास शुरू किये गये। दिनांक 09.11.25 को बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपूर्द किया गया है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, उनि विष्णु शंकर जायसवाल, महिला आर शालनी राजपूत आर डुमन की भूमिका रही।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में व्यवस्थाओं हेतु सौंपे दायित्व

**कटनी।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कटनी के आदेशानुसार श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण, दद्दा धाम, झिंझरी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं अमृतवाणी कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 12 नवंबर को दद्दा धाम में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन एवं भ्रमण कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु नगर पालिक निगम, कटनी को आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

---

### दद्दाधाम में चल रहे पांच दिवसीय महोत्सव में शामिल हुए प्रसिद्ध कथावाचक, अभिनेता व नेता

# गुरू कृपा से अवगुण भी सद्गुण बन जाते हैं : इंद्रेश महाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी








झिंझरी स्थित श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण दद्दा धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं अमृतमयी कथा में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। 9 से 13 नवंबर तक आयोजित इस दिव्य महोत्सव में देशभर से भक्तगण, संत, साधु एवं कथा प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। दद्दाजी के शिष्य मंडल के सान्निध्य में चल रहे इस आयोजन में अनिरुद्धाचार्य महाराज के श्रीमुख से अमृतमयी कथा का रसपान श्रद्धालु कर रहे हैं।

महोत्सव के दौरान पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दद्दा धाम पहुंचकर दद्दाजी को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने श्रद्धा भाव से कथा श्रवण किया और आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण का प्रेरणास्रोत बताया। अभिनेता राजपाल यादव विशेष रूप से कटनी पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर परिसर में आयोजित पूजन-अर्चन में भाग लिया और दद्दा धाम में स्थापित हो रहे भगवान के विग्रहों के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

महोत्सव में अनिरुद्धाचार्य महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही अमृतमयी कथा सुनकर भक्तजन आत्मिक आनंद प्राप्त कर रहे हैं। समूचा दद्दा धाम परिसर इन दिनों भक्ति रस में सराबोर है, जहां हर ओर हर-हर महादेव और राधे-कृष्ण के जयकारे गूंज रहे हैं।

वृंदावन से पधारे कथावाचक इंद्रेश महाराज ने दिव्य कथा के माध्यम से गुरु महिमा और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "गुरु कृपा से ही सब कुछ संभव है।" महाराज ने कहा हर किसी में दोष देखने का भाव राक्षसी प्रवृत्ति है, जबकि जब हमारी दृष्टि में गुण-दर्शन का भाव प्रकट हो जाए, तो समझना चाहिए कि भगवत कृपा प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भगवान सत्य स्वरूप हैं। संसार से भले कोई बात छिपाई जा सकती है, लेकिन ठाकुर जी से कुछ भी नहीं छिप सकता, क्योंकि वे सर्वज्ञ और सत्यस्वरूप हैं। यदि ठाकुर जी की सेवा जड़ नहीं बल्कि चैतन्य मानकर की जाए, तो वे उसी भाव से कृपा बरसाते हैं।

कथावाचक ने आगे कहा कि "गुरु कृपा से अवगुण भी सद्गुण बन जाता है।" अगर गुरु आप पर प्रसन्न हैं, तो चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, ठाकुर जी स्वयं उबारने आते हैं। नित्य आराधना करने से व्यक्ति को ऐसी शक्ति मिलती है कि वह किसी भी पीड़ा या संकट से विचलित नहीं होता। महाराज जी ने यह भी कहा कि "किसी संत से प्रेम और समर्पण होना सामान्य बात है, लेकिन जब किसी संत के हृदय में किसी भक्त के प्रति प्रेम उत्पन्न हो जाए, तो वह अद्वितीय अवसर होता है।"कार्यक्रम में भक्तों का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं में दद्दाजी के प्रति गहरी भक्ति और उत्साह देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालु दद्दाधाम पहुंचे ।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव का कटनी आगमन आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज बुधवार 12 नवंबर को कटनी आगमन होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को दोपहर 3.20 बजे सिवनी जिले से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर शाम 4.15 बजे कटनी पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और शाम 5.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा जबलपुर के डुमना विमानतल के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यपमंत्री के कटनी प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे कारकेड हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. यशवंत वर्मा द्वारा चिकित्सकीय स्टाफि की ड्यूटी लगाई गई है। यह दल प्रातः 8 बजे से पुलिस लाईन कटनी में तैनात रहेगा। जारी आदेश के अनुसार चिकित्सडकीय दल में शल्यय विशेषज्ञ डॉ. आरबी सिंह, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. एस पी सोनी, फॉर्मासिस्ट श्री कपिल सोनी, नर्सिंग ऑफिसर श्री जीत जसफर सहित एक लैब टेक्नीशशियन एवं एक वाहन चालक की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सभी को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

---

*रेलवे प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी, आश्वासन के बाद शांत हुए कार्यकर्ता*

## हनुमान मंदिर एवं प्रतिमा हटाने पर बजरंग दल एवं विहिप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित एक प्राचीन हनुमान मंदिर को रेलवे प्रशासन द्वारा हटाए जाने पर मंगलवार दोपहर हंगामा हो गया। मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब एक घंटे तक क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बाद में पुलिस और रेलवे अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रण में आई।

बजरंग दल के महामंत्री राहुल दुबे ने बताया कि यह हनुमान मंदिर प्राचीन काल से स्थापित है और स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे कर्मचारियों ने बीती रात मंदिर को हटा दिया और मूर्ति को बिना सूचना कहीं और रख दिया। दुबे ने कहा कि यह केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि हजारों श्रद्धालुओं की भावना से जुड़ा स्थल है, जिसे तोड़ना आस्था पर चोट है।

घटना के बाद बड़ी संख्या में बजरंग दल और वीएचपी कार्यकर्ता मुड़वारा स्टेशन के पास जमा हो गए और रेलवे प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। प्रदर्शन के चलते स्टेशन क्षेत्र और आसपास का यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था बढ़ानी पड़ी और अतिरिक्त बल तैनात किया गया। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय पुलिस, प्रशासन और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उन्हें शांत करने की कोशिश की।

राहुल दुबे ने बताया कि अधिकारियों ने मंदिर को जल्द ही पुर्नस्थापित करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया।

प्रदर्शन खत्म करते हुए बजरंग दल नेताओं ने कहा कि यदि वादे के अनुसार मंदिर को दोबारा उसी स्थान पर स्थापित नहीं किया गया, तो संगठन इससे भी बड़ा आंदोलन करेगा। राहुल दुबे ने बताया कि यदि ऐसा हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### पुलिस ने विद्यार्थियों को जानकारी देकर किया जागरूक



उमरियापान पुलिस ने खाम्हा के शासकीय स्कूल पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने विद्यार्थियों को अनजान व्यक्तियों से दूरी बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों या लालच में न आएं और यदि कोई व्यक्ति अनुचित व्यवहार करे तो तुरंत अपने शिक्षक, अभिभावक या पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल या इंटरनेट का उपयोग करते समय अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, फोटो या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने और संदिग्ध लिंक या मैसेज खोलने से बचें। इस दौरान बच्चों को पास्को अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम और उनसे जुड़े अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार गंभीर अपराध है और इसकी शिकायत तुरंत करना जरूरी है। सुरक्षा जागरूकता के तहत विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबर 112 (आपातकालीन सहायता), 1090 (महिला हेल्पलाइन) और 1098 (बाल हेल्पलाइन) की जानकारी भी दी गई, ताकि वे आपात स्थिति में त्वरित मदद प्राप्त कर सकें।

---

## चार लाख रूपए की वित्तीय अनियमितताओं पर रोजगार सहायक को शासकीय कार्यों से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बंधी धूरी के ग्राम रोजगार सहायक राजकुमार वेन के विरुद्ध एक और बड़ी तथा कड़ी कार्रवाई कर शासकीय कार्यों से विरत कर, जनपद पंचायत बहोरीबंद कार्यालय में संलग्न करते हुए 50% पारिश्रमिक भुगतान करने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है की सुश्री कौर ने लापरवाह एवं वित्तीय अनियमिता बरतने वाले लोकसेवकों को नहीं बख्शने के सम्बन्ध में समय-समय पर अधिकारियों को निर्देशित किया है।

आपको बता दें कि जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के मुताबिक झाई लाल नाई का आवास निर्माण होना नहीं पाया गया। राजकुमार वेन द्वारा स्वयं अपने पिता के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया था। इनके द्वारा ग्राम पंचायत सलैया फाटक में पदस्थी के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत तीन आवासों को नियम विरुद्ध स्वीकृति प्रदान कर पूर्व से बने हुए आवासों का जियो टैग किया गया। जिसमें एक आवास की मजदूरी की राशि 1,35000 रुपये के मान से तीन आवासों की कुल राशि चार लाख पांच हजार रुपए की वित्तीय अनियमिता किया जाना पाया गया। श्यामलाल बेन एवं चमेली बाई नाई को बीड़ी श्रमिक योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त होना पाया गया। इस संबंध में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्धारित समयावधि में विस्तृत जांच कर अभिलेखों एवं साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

सीईओ सुश्री कौर ने मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल द्वारा जारी आदेशों, निर्देशों एवं प्रावधानों के अनुसार विस्तृत जांच की अवधि तक शासकीय कार्यों से विरत रखने एवं जनपद पंचायत बहोरीबंद कार्यालय में संलग्न करते हुए आधा पारिश्रमिक भुगतान करने की कार्यवाही की।

*रबी सीजन की फसलों की बोवनी में जुटे किसान*

## खेत-खलिहानों पर रखी धान की उपज, समर्थन मूल्य पर विक्रय का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



खरीफ़ सीजन की प्रमुख फसल धान की कटाई का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।इसके साथ ही रबी सीजन कृषि कार्य भी जारी है।किसान खेतो मैं जुताई व बुवाई मैं लगे हुए है।लेकिन धान की फसल विक्रय न होने से किसानों की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है,जिससे रबी सीजन कृषि कार्य पर संकट खड़ा हुआ है। किसान कर्ज व अपने सहयोगियों से उधार रुपये लेकर खेती कर रहे है। व्यापारी कम दामों पर कर रहे खरीदी-किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की विलम्बता से रबी सीजन कृषि कार्य के लिए किसान व्यापारियों को धान विक्रय कर रहे है व्यापारी भी मौके का फायदा उठाकर कम दामों पर धान की खरीदी कर रहे है। व्यापारी किसानों से 1500 से 1700 रूपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी कर रहे है जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 600 से 700 रूपये का घाटा लग रहा है।

कृषक राजेंद्र यादव, जुगल किशोर यादव,संतोष यादव, अरविंद हळदकार का कहना है कि धान खरीदी प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी । खरीदी शुरू होते होते आधा दिसंबर माह बीत जाएगा।वर्तमान मे रबी सीजन कृषि कार्य जोरो से जारी है। नवंबर माह की समाप्ति तक गेंहू की बोवनी हो जानी चाहिए।लेकिन धान विक्रय न होने से लागत राशि की व्यवस्था नहीं होने से कृषि कार्य डगमगाया हुआ है।

#### इनका कहना है

सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला का कहना है कि शासन स्तर के आदेशानुसार समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 दिसंबर 2025 से शुरू होगी। धान उपार्जन कार्य के लिए केंद्रों का निर्धारण हो गया है। धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपये है।

---

### भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तहत महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी

## शिक्षा का लक्ष्य चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करना है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के अंतर्गत एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तहत चरित्र निर्माण ओर व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय की अध्यक्षता में किया गया।

उक्त वेबीनार में पंजाब विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त शोध अधिष्ठाता डॉ सुधीर कुमार आचार्य ओर डॉ बी एन त्रिपाठी विभाग अध्यक्ष मां कुंवर बाई स्वशासी महाविद्यालय जबलपुरके द्वारा चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व समग्र विकास पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। मुख्य वक्ता डॉ सुधीर कुमार आचार्य ने कहा कि शिक्षा किसी देश की भाषा, सभ्यता, संस्कृति और जीवन आचरण से जुड़ा विषय है। इसका मुख्य अंग चरित्र निर्माण और सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण कर समाज के लिए आदर्श नागरिक तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि न्यास द्वारा 16 विषयों पर कार्य किया जा रहा है जिनमें से चरित्र निर्माण एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में शामिल है। उन्होंने कहा की " शिक्षा का स्वरुप ऐसा होना चाहिए जो समाज और संस्कृति से जुड़ा हो। शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यावसायिक दक्षता प्राप्त युवा शक्ति का निर्माण करना नहीं है युवाओं के अंदर चरित्र निर्माण का विकास करते हुए उन्हें एक आदर्श नागरिक के तौर पर समाज के लिए तैयार भी करना होता है। चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का विकास मूलतः तीन बातों पर केंद्रित है। इन तीन के जरिये शिक्षक, विद्यार्थी और आदर्श समाज की कल्पना को साकार किया जा सकता है। ये हैं – सुविधा, सम्बन्ध और समझ। ये तीनों ही चरित्र निर्माण का आधार स्तम्भ है और उनके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास तभी संभव है।देश की शिक्षा नीति भारतीय परम्पराओं और इतिहास के सही रूप को प्रदर्शित करने का कार्य करेगी। कार्यशाला के दौरान समूह चर्चा और सामूहिक गतिविधि कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। गतिविधि कार्यों के जरिये प्रतिभागियों को विषय की समझ और उससे जुड़े कार्यों से अवगत करने का कार्य किया गया। व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका-वही दूसरे वक्ता डॉ बी एन त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्तित्व विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति का चरित्र समय के साथ विकसित होता है। हालाँकि यह अधिकतर मामलों में स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन कुछ लक्षणों को बदला जा सकता है। हमारे व्यक्तित्व को आकार देने में बाहरी पहलुओं की अहम भूमिका होती है।

## जनसुनवाई में 106 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 106 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टार जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके और ज्योति लिल्हारे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।

जनसुनवाई के दौरान कुलवीर सिंह ने आवेदन देते हुये बताया कि गुरूनानक वार्ड सब्जीव मंडी कटनी भवन क्रमांक 388 (प्ला ट नंबर 7) सरदार संतोख सिंह दीवान के नाम पर स्थित है। जोकि 1080 वर्गफीट मेन रोड पर है। परंतु नगर निगम द्वारा 1345 वर्गफीट का टैक्स1 लिया जा रहा है। इसकी पूर्व में शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की गई। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तर सुश्री तपस्यान परिहार को मौके की दोबारा जांच कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम घुनसुर निवासी अनीता कोल ने आवेदन देते हुये कहा कि मेरे पति सुखीलाल कोल की मृत्युस इसी वर्ष 4 मार्च को हो गई थी। मैं मजदूरी के द्वारा अपना जीवनयापन करती हूँ। मुझे संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह राशि दिलाई जाये। कलेक्टरने श्रम विभाग को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### पीएससी में रोज ओपीडी में नहीं मिलते डॉक्टर

**सिलौड़ी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर प्रदीप कुमार की नियुक्ति की गई है परंतु प्रतिदिन ओपीडी समय में डॉक्टर नही मिलने से मरीजों को इलाज हेतु भटकना पड़ रहा है। सिलौंडी से कटनी मुख्यलय की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। गंभीर बीमारी में इतनी दूरी तय कर इलाज करने में मरीजों को अधिक परेशानी हो जाती है यदि गंभीर बीमारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही डॉक्टर के माध्यम से प्राथमिक उपचार मिल जाए तो रास्ते तय करने में मरीज को कुछ दर्द में राहत मिल सकती है। डॉक्टर प्रदीप कुमार को अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पान उमरिया में ही ड्यूटी करते रहते है। ग्रामीणों ने बताया जब सिलौंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उनकी नियुक्ति है तो डॉक्टर को सिलौंडी प्रथिमक स्वास्थ्य केंद्र में ही प्रतिदिन ड्यूटी करना चाहिए जिससे सिलौंडी ग्राम के आस पास के लगभग 56 गांव के लोगो को इलाज करने में आसानी होगी और उनको बीमारी में सही समय पर इलाज मिलने पर वह स्वास्थ्य भी रहेंगे।

### हर विवाह का होगा पंजीयन, निर्देश जारी

**कटनी।** देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन के लिये निर्देश जारी किये गये हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत-प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपत्ति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रुढ़ि के अधीन सत्यापित किये गये विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है। जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया है। आयुक्त मिश्रा ने सामूहिक विवाह कराने वाली सभी संस्थाओं से जागरूकता बढ़ाने मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। स्थानीय निकायों, सार्वजनिक स्थलों, शादी हॉल और मैरिज गार्डन में अनिवार्य रूप से विवाह पंजीयन करवाने संबंधी होर्डिंग लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

### समग्र ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा कर दिये निर्देश

**कटनी।** नगर निगम में उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा सोमवार को आधार से समग्र ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः इसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। श्री गुप्ता ने सभी वार्डों में लंबित ई-केवाईसी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर शीघ्र लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश भी उपायुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारी कर्मचारियों को दिए। इस दौरान योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय सहित इस कार्य में संलग्न स्टाफ रितिका पांडे, ज्योति मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, पवन शुक्ला, सूर्या, शेखर द्विवेदी, प्रियंका शुक्ला की मौजूदगी रही। नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई- के.वाय.सी. का कार्य नगर निगम कार्यालय जोन कार्यालय के अलावा एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सी.एस.सी.के, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

**समाधान योजना के तहत कंपनी ने 4 करोड़ रुपए का सरचार्ज किया माफ**

# बहोरीबंद विकासखंड के 31 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समाधान योजना से बिजली कंपनी ने बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में बड़ी राहत दी है। इस योजना से बहोरीबंद विकासखंड के 31 हजार 907 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जिन्हें पैनल्टी में 4 करोड़ रुपए की छूट दी जाएगी। एक नवंबर से बिजली कंपनी के कार्यालयों में उपभोक्ता छूट का लाभ लेने पहुंच रहे हैं।

स्लीमनाबाद विद्युत विभाग कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर तीन माह से अधिक बिल बकाया है, उन्हें समाधान योजना का लाभ दिया जा रहा है। एक मुश्त भुगतान करने वाले घरेलू उपभोक्ता और किसानों का सरचार्ज 100 प्रतिशत माफ किया जाएगा। जबकि इंडस्ट्रीज पर 25 प्रतिशत और कमर्शियल उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत के सरचार्ज की छूट दी जाएगी। बिजली कंपनी की इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि हर महीने टारगेट मिलने के बाद लक्ष्य पूरा न करने वाले कर्मचारी भी कार्रवाई से सुरक्षित रहेंगे।



योजना में लोग खुद ही बिल जमा कराने पहुंच रहे हैं।

बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को एक मुस्त और किस्तों में बिल का भुगतान करने की राहत दी गई है। एक साथ बिल जमा न करने पर उपभोक्ता की 6 किस्त जारी की जाएंगी जो उसे हर महीने भरनी होगी। किस्त पूरी होने के बाद ही संबंधित उपभोक्ता को सरचार्ज में छूट दी जाएगी। यदि किसी कारणवश उसकी किस्त जमा नहीं होती तो समाधान योजना के तहत मिलने वाली सरचार्ज की छूट से उसे वंचित कर दिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि सबसे अच्छा विकल्प यही है कि एक साथ बिल जमा करके निश्चिंत होकर छूट का लाभ उठाएं।

### पहले चरण में पूरा लाभ

विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल ने बताया कि यह योजना दो चरणों में प्रारंभ की गई है। प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी। जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह अंतिम चरण एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। पहले चरण में सौ फीसदी लाभ तो दूसरे में सरचार्ज में मिलने वाली छूट को 10 प्रतिशत तक घटाया जाएगा।समाधान योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। एक मुश्त राशि जमा करने पर सौ फीसदी छूट दी जा रही है।

विकासखंड बहोरीबंद को 4 करोड़ 77 लाख रुपए समाधान योजना से छूट में दिया है। इससे बड़े बकायादारों को राहत मिलेगी। समाधान योजना के तहत बहोरीबंद विकासखंड में विद्युत वितरण केंद्र स्लीमनाबाद के 5555 उपभोक्ताओं का 78 लाख 26 हजार रूपये सरचार्ज, तेवरी विद्युत वितरण केंद्र के 3816 उपभोक्ताओं का 27 लाख 83 हजार रूपये सरचार्ज, बचैया विद्युत वितरण केंद्र के 4466 उपभोक्ताओं के 47 लाख रूपये सरचार्ज, बहोरीबंद विद्युत वितरण केंद्र के 10158 उपभोक्ताओं के 261 लाख रूपये सरचार्ज तो बाकल विद्युत वितरण केंद्र के 7912 उपभोक्ताओं पर 62 लाख रूपये सरचार्ज की छूट मिलेगी!इस प्रकार बहोरीबंद विकासखंड मै 31907 उपभोक्ता दर्ज है जिनका 4 करोड़ 77 लाख रूपये सरचार्ज माफ होगा। 31 हजार उपभोक्तओं को लाभ मिलेगा। पहले चरण में 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ होगा।



## विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व एवं विधिक सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बुधवार को "न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025" अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर कुन्दन दास हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरणके सचिव सुमित शर्मा ने की। इस अवसर पर सिविल जज एवं विशेष अतिथि श्रीमती चेतना झारिया तथा जिला विधिक सहायक अधिकारी हर्षित बिसेन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती झारिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों के बारे में जानकारी दी, जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, मोबाइल फोन के सावधानीपूर्वक उपयोग तथा लैंगिक अपराधों से बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुमित शर्मा ने विद्यार्थियों को मोटरयान अधिनियम की आवश्यक जानकारियाँ दीं और उन्हें बताया कि कानून केवल अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि एक सशक्त करियर विकल्प भी हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जागरूक नागरिक बनकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया। जिला विधिक सहायक अधिकारी श्री हर्षित बिसेन ने विद्यार्थियों को बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले मोटर साइकिल चलाना कानूनी अपराध है और वाहन चलाने से पूर्व वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

**नगर निगम सभागार में परिषद की बैठक का हुआ आयोजन**

## विपक्षी पार्षदों ने उठाएं सवाल, महापौर ने कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को नगर निगम में आयोजित परिषद की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विपक्षी पार्षदों ने ओम साई विजन कंपनी द्वारा शहर में स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों की कमी को लेकर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला। वरिष्ठ पार्षद मिथिलेश जैन और मौसूफ अहमद बिट्टू ने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन ओम सांई विजन को हर महीने 4 लाख रूपए का भुगतान कर रहा है, लेकिन शहर में इसका असर दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि "नुक्कड़ नाटक और जनजागरूकता कार्यक्रमों के नाम पर केवल कागज़ी खानापूर्ति की जा रही है, जबकि शहर की सफाई व्यवस्था और नागरिक जागरूकता में कोई ठोस सुधार नहीं दिख रहा।



विपक्ष के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि ओम साई विजन कंपनी के माध्यम से शहर में नियमित रूप से जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि "हाल ही में कटायघाट मेले में नुक्कड़ नाटकों और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना था।"महापौर ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, और प्रशासन इस दिशा में सतत कार्य कर रहा है। बैठक की शुरुआत दोपहर 2 बजे नगर निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। इसमें शहर विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सावरकर वार्ड के पार्षद राजेश भास्कर ने भी कई स्थानीय समस्याओं को उठाया और निगम प्रशासन से जवाब मांगा।

बैठक में नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, महापौर प्रीति संजीव सूरी, अध्यक्ष सहित सभी पार्षद एवं काउंसिल सदस्य उपस्थित रहे। चार महीने बाद बुलाई गई इस बैठक में जिस तरह से विपक्ष ने ओम साई विजन को लेकर सवाल उठाए, उससे आने वाले दिनों में नगर निगम प्रशासन पर जवाबदेही का दबाव और बढ़ सकता है।

## जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी द्वारा उपस्थित बंदियों को नि :शुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता, उनके अधिकारों एवं मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय तक सुगम पहुँच उपलब्ध कराना विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन द्वारा विधिक सहायता रक्षा परामर्शदाता, लोक अदालतों की प्रक्रिया तथा उनके माध्यम से त्वरित न्याय प्राप्त करने के उपायों की जानकारी दी गई। शिविर का संचालन जिला कारागार, कटनी के जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता श्रीमती मीना सिंह बघेल, श्रीनिवास पांडे, परामर्शदाता स्वयंसेवी मुकेश द्विवेदी, रवि नामदेव एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बदलाव का नेतृत्व, स्थानीय सुशासन और उससे परे महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आगाज जनपद पंचायत कटनी से प्रारंभ हुआ। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर मंगलवार को द्वारका भवन कटनी में 11 नवंबर से 13 नवंबर 2025 तक, निर्वाचित महिला सरपंच, उप सरपंच एवं पंच पदाधिकारियों को नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आवश्यक जानकारी दी जाकर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंकज नामदेव, श्रीमती जया कोष्टी एवं बबीता सिंह एवं प्रशिक्षण लेने आई हुई निर्वाचित महिला प्रतिनिधि मौजूद रहीं।



### इन तिथियों में यहां होंगे प्रशिक्षण

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक जिले की तीन जनपद पंचायतों में, तीन चरणों में 11 से 13 नवंबर तक जनपद पंचायत कटनी, 17 से 19 नवंबर तक ढीमरखेड़ा एवं 20 से 22 नवंबर तक जनपद पंचायत बड़वारा में तीन- तीन दिवसीय, निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### ये है प्रशिक्षक

सुश्री कौर ने तीन चरणों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने हेतु श्रीमती जया कोष्टी सहायक विकास खंड प्रबंधक एवं श्रीमती बबीता सिंह ब्लॉक समन्वयक को प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर के रुप में दायित्वों का निर्वहन करने हेतु अधिकृत किया है।

**बहोरीबंद सलैया मार्ग पर गत देर शाम हुआ हादसा**

## बाइक सवार हुए हादसे का शिकार, बच्चे के मौत, 3 अन्य गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद-सलैया मुख्य मार्ग पर सोमवार देर शाम सड़क हादसे में पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा एक निजी पाइप प्लांट के पास हुआ। मृतक बालक और घायल सभी जबलपुर जिले के सिहोरा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरहा भिटोनी के निवासी थे। वे बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम सांडा में एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने गांव लौट रहे थे।

### बच्चे की मौके पर मौत

जानकारी के अनुसार, सोमवार देर शाम पति जगदेव यादव (30 वर्ष), पत्नी रामप्यारी (32 वर्ष) और





उनका बेटा मानव यादव (5 वर्ष) और बच्चे की बुआ अंजो बाई (45 वर्ष) एक ही बाइक पर सवार होकर सांडा से अपने गृह ग्राम गौरहा भिटोनी जा रहे थे तभी बहोरीबंद-सलैया मुख्य मार्ग पर हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पांच वर्षीय बालक मानव यादव ट्राला के पहियों के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अन्य तीनों सवार जगदेव यादव, अंजो बाई और रामप्यारी यादव बुरी तरह से लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े, जिन्हें हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद ले जाया गया। जगदेव यादव, अंजो बाई और रामप्यारी यादव को प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कटनी रेफर कर दिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही बहोरीबंद पुलिस भी अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मृत बालक के शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में रखवा दिया है। मृतक बालक के शव का पोस्टमॉर्टम कल मंगलवार को किया जाएगा। बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तालाश जारी है।

**भाजपा कार्यालय में सांसद व्हीडी शर्मा ने दी कार्यक्रमों की जानकारी**

## यूनिटी मार्च और खेल महोत्सव से युवाओं में जागेगी एकता और देशभक्ति की भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को भाजपा जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दो बड़े राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों सरदार@150 यूनिटी मार्च और सांसद खेल महोत्सव की विस्तृत जानकारी दी। सांसद शर्मा ने बताया कि यह दोनों आयोजन युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं।

सांसद श्री शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार एवं MY Bharat के तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर Sardar@150 Unity March का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ 6 अक्टूबर को किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में युवाओं, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी के साथ पदयात्राएँ निकाली जा रही हैं।




### दो चरणों में होगा आयोजन

पहला चरण – जिला स्तरीय पदयात्राएँ (31 अक्टूबर – 25 नवंबर 2025) प्रत्येक संसदीय क्षेत्र के जिलों में तीन दिवसीय 8–10 किमी लंबी पदयात्राएँ निकाली जाएंगी। जिनकी शुरुआत हो चुकी हैं। इनसे पहले स्कूल-कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी जैसे कार्यक्रम इस दौरान नशामुक्त भारत शपथ, स्वदेशी मेला, स्वच्छता अभियान और योग शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा।

दूसरा चरण राष्ट्रीय पदयात्रा (26 नवंबर 6 दिसंबर 2025) करमसद (पटेल जी का जन्मस्थान) से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक 152 किमी की पदयात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के दौरान गाँव-गाँव में विकसित भारत प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और हर शाम सरदार गाथा का आयोजन होगा। इस यात्रा हेतु पंजीकरण MY Bharat Portal पर जारी है। सांसद शर्मा ने युवाओं से इस राष्ट्र निर्माण अभियान में जुड़ने का आह्वान किया।

### सांसद खेल महोत्सव

सांसद शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 25 नवम्बर से 25 दिसंबर तक खजुराहो लोकसभा के कटनी जिले में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन खजुराहो संसदीय क्षेत्र के चार जनपदों और एक जनपद के आंशिक हिस्से को सम्मिलित करेगा। कुल 275 ग्राम पंचायतों में यह खेल महोत्सव आयोजित होगा। खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ 24 नवंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल परिसर (फॉरेस्टर ग्राउंड) में होगा। सांसद ने बताया कि खेल महोत्सव की प्रतियोगिताएँ पंचायत स्तर से प्रारंभ होकर मंडल, ब्लॉक और जिला स्तर तक होंगी। जिला स्तर की विजेता टीमें पन्ना में होने वाले फाइनल मुकाबले में भाग लेंगी, जहाँ विजेताओं को लोकसभा ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### ये होंगी खेल प्रतियोगिताएँ

इस टूर्नामेंट में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, योग, खो-खो और रस्साकसी जैसे पारंपरिक एवं आधुनिक खेल शामिल किए गए हैं। सभी खेलों के लिए एम्पायर, रेफरी, प्रबंधन समिति और जूरी का गठन हो चुका है ताकि प्रतियोगिताएँ सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हों।

## होटलों व ढाबों में पुलिस द्वारा की गई सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**दिल्ली में बम धमाके बाद जिले में भी पुलिस रही अलर्ट**

दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम धमाके के बाद कटनी जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा जांच की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मुख्यालय के निर्देश पर जिले की टीम को एक्टिव होकर सघन जांच कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे सहित शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी होटल और ढाबों में चेकिंग का क्रम शुरू कर दिया गया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के होटलों और ढाबों में तत्काल जांच करें एवं किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर सूचित करते हुए कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत अपनी टीम के साथ क्षेत्र में मौजूद होटल लॉज एवं ढाबों की चेकिंग की गई। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह भी अपनी टीम को लेकर क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों के साथ-साथ होटल और ढाबों की जांच कर रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे खुद टीम को लेकर फील्ड पर मौजूद रहते हुए जांच कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप

### चोरी सहित 3 प्रकरण में फरार तीन हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना चंदला पुलिस ने वर्ष 2023 के चोरी सहित 3 प्रकरण में वांछित फरार 3000 रुपए के इनामी स्थाई वारंटी ज्ञानी उर्फ ज्ञान प्रकाश राजपूत पिता लड़कू राजपूत निवासी ग्राम छपरा थाना चंदला को गिरफ्तार किया। वारंटी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदला निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर, सहायक उप निरीक्षक के एल वर्मा, सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह, आरक्षक बलवीर, प्रवीण, सौरभ, धर्मेंद्र, छोटेलाल की भूमिका रही।

### फायरिंग कर हत्या के प्रयास की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा

**छतरपुर।** विगत रात्रि थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत राजनंदनी पुरम मोहल्ले में अवैध हथियार से फायरिंग कर हत्या के प्रयास संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या के प्रयास सहित समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त घटना का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना मिलने के पश्चात 1 घंटे के अंदर दबिश देकर उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी शुभम शर्मा पिता राम जीवन शर्मा निवासी राजनंदनीपुरम छतरपुर, सोनू उर्फ कपिल तिवारी पिता रामसनेही तिवारी निवासी राजनंदनी पुरम छतरपुर, लकी उर्फ शिवम बाजपेई पिता घनश्याम बाजपेई निवासी नरसिंहगढ़ पुरवा छतरपुर को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

आवारा तत्वों के लिए बना पनाहगार, चारों ओर फैली रहती है गंदगी, शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# मुसाफिरों की सुविधा के लिए बना यात्री प्रतीक्षालय बन गया नशेड़ियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा






नगर के बीचों-बीच स्थित यात्री प्रतीक्षालय को सरकार के लाखों रुपए खर्च कर जिस उद्देश्य से बनाया गया था वह जिम्मेदारों की अनदेखी से पूरा नहीं हो पा रहा है। इस प्रतीक्षालय में यात्री नहीं बल्कि आवारा तत्वों का डेरा जमा रहता है। वे प्रतीक्षालय में बैठकर नशा करते हैं और गंदगी फैला रहे हैं। गौर करने वाली बात ये हैं कि शिकायतों के बाद भी नगर परिषद एवं तेंदूखेड़ा पुलिस लगातार अनदेखी कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा साफ-सफाई नहीं कराई जाती है। प्रतीक्षालय के प्रति जिम्मेदारों की उपेक्षा के चलते असामाजिक तत्व दिन रात बैठे रहते हैं। अब स्थिति ये हैं कि महिला हो या फिर पुरुष यात्री बहां पर बैठने से कतराते हैं क्योंकि उन्हें सुरक्षा का खतरा रहता है और दुर्गंध आने से सांस लेना दूभर होता है। यात्री सड़क किनारे या फिर दुकानों पर बैठे नजर आते हैं। नागरिकों का कहना है कि प्रतीक्षालय में खुलेआम जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियां भी होती रहती है।

### अनदेखी से जर्जर होने लगा प्रतीक्षालय

नगर परिषद द्वारा प्रतीक्षालय की मरम्मत भी नहीं कराई जा रही है। जिससे जर्जर होने लगा है छत से सरिया दिखने लगी है सीमेंट प्लास्टर लगातार गिर रहा है। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उसमें लगे गेट, जाली सहित अन्य सामान चोरी हो गया है। चारों तरफ गंदगी फैली रहती है। कचरा के ढेर लगे हुए है। परिषद में बैठे जिम्मेदारों की अनदेखी से लाखों रुपए का ये प्रतीक्षालय कंडम होने लगा है। मवेशियों का जमावड़ा भी लगा रहता है।

### आज तक नहीं हुआ रंग-रोगन व मरम्मत कार्य

यात्री प्रतीक्षालय में बने हुए 20 से 25 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस प्रतीक्षालय की आज तक नगर परिषद द्वारा रंगाई-पुताई तक नहीं कराई गई है। जिससे दीवारों में दरारें दिखाई दे रही है, वहीं न ही प्रतीक्षालय में आज तक उसकी मरम्मत कार्य कराया गया है। जिससे वह क्षतिग्रस्त हालत में पहुंच गया है। यहां पर बैठने वाले लोगों को हमेशा खतरा बना रहता है क्योंकि प्रतीक्षालय की छत से लगातार प्लास्टर गिर रहा है। जिससे किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### प्रतिदिन नहीं लगाई जाती झाडू

वहीं यात्री प्रतीक्षालय के आजू-बाजू लोगों द्वारा कब्जा करके चाय पान की दुकान लगी है, जहां लोग रहते हैं। यहां के लोगों ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय में 5से 10 दिन में साफ सफाई कराई जाती है। इसलिए यहां पर चारों ओर गंदगी और कचरा दिखाई दे रहा है। सफाई कर्मचारी द्वारा प्रतिदिन झाडू तक नहीं लगाई जाती है। जिससे प्रतीक्षालय के अंदर कचरा पड़ा रहता है। तारादेही के लिए बस का इंतजार कर रहे एक यात्री ने बताया कि यह यात्री प्रतीक्षालय शराबियों के लिए शराब अड्डा बनकर रह गया है। आमजन की सुविधा के लिए यहां बाथरूम घर तो बनाया गया है, लेकिन वह भी गंदगी से अटा है कई यात्री वह देखकर ही वापस लौट जाते हैं।

### महिला यात्रियों को होती है परेशानी

लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से ये प्रतीक्षालय बनवाया गया था, वह पूरा नहीं हो पा रहा है। यहां आने वाली महिला यात्रियों को ज्यादा परेशानी होती है। यहां न तो बैठने की उचित सुविधा है, न ही निस्तार के लिए कोई व्यवस्था है। असामाजिक तत्वों के कारण महिलाए भयभीत रहती है। यात्री प्रतीक्षालय के दुकानदारों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिसके चलते ये प्रतीक्षालय दूर से दिखाई नहीं देता है। महिलाओं और बालिकाओं को यहां वहां, दुकानदारों के यहां बैठना पड़ता है और हमेशा डर के साय में रहना पड़ता है क्योंकि बस स्टैंड पर पुलिस तक दिखाई नहीं देती है।

### 50 से ज्यादा गुजरती हैं यात्री बसें

नगर से 50 से ज्यादा बसों का आना-जाना होता है। यहां पर भोपाल, इंदौर, सागर, जबलपुर नरसिंहपुर छतरपुर, टीकमगढ़, रायसेन, रहली, दमोह, हटा, शहपुरा, पाटन, तारादेही, देवरी महाराजपुर सहित अन्य जिले के लिए बसें आती-जाती है, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं दिखाई दे रहे हैं। साथ ही यहां पर तेंदूखेड़ा ब्लॉक के 120 ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का भी आना-जाना रहता है, फिर भी शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### दिन-रात होती है शराबखोरी

वही लोगों ने बताया यह यात्री प्रतीक्षालय सिर्फ शराबखोरी करने के उद्देश्य से बनाया गया है यहां पर लोगों द्वारा दो दो घंटे तक बैठकर शराब पीते रहते हैं जिसके कारण अन्य यात्री इस माहौल को देखकर वापस लौट जाते हैं लोगों का कहना है प्रतीक्षालय के अंदर चाहे दिन हो या फिर रात सिर्फ नशेड़ी ही नजर आएंगे साथ ही साथ में शराब पीने वाले ही एक-दूसरे से गाली-गलौज करने लगते हैं और मामला थाने तक का आ जाता है या फिर अधिक शराब पीने वाले लोग यही पड़े रहते हैं।

### साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने कहता हूं

नगर परिषद सीएमयओ पीयूष अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा मैं कल ही कर्मचारी को भेजकर साफ सफाई करवाता हूं और लगातार झाडू व साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए बोलता हूं।
**पीयूष अग्रवाल, सीएमओ नगर परिषद तेन्दूखेड़ा**

### थाना प्रभारी बोले मैं दिखवाता हूं

इस संबंध में तेंदूखेड़ा पुलिस थाना प्रभारी नीतेश जैन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं कल से ही बस स्टैंड पर दिखवाता हूं थाने में स्टाफ की कमी है फिर भी दिखवाता हूं।
**नीतेश जैन**
**थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा**

समस्या को गंभीरता से लेकर विशेष निधि से राशि स्वीकृत

## मुख्य मार्ग की ओर जाने वाले रास्ते का निर्माण कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

जनपद पंचायत हटा अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया किरण के अधीन आने वाला ग्राम मझगुवाँ अमान लंबे समय से खराब सड़कों की समस्या से जूझ रहा था। गांव के आम रास्ते पूरी तरह से कीचड़ और गंदे पानी से सराबोर बने हुए थे। स्कूली छात्र-छात्राओं को रोजाना कीचड़ में से होकर स्कूल जाना पड़ता था, वहीं ग्रामीणों को भी गांव से बाहर निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। जनपद पंचायत हटा से मात्र 12 किलोमीटर दूर स्थित यह गांव वर्षों से सड़क निर्माण की प्रतीक्षा कर रहा था। मंदिर से मुख्य मार्ग की ओर जाने वाला रास्ता, जो गांव का एकमात्र प्रमुख मार्ग है, बरसात के मौसम में कीचड़ और गंदे पानी से भर जाता था। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए हटा विधायक उमा देवी खटीक ने इस विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए विशेष निधि से राशि स्वीकृत की। सरपंच प्रेमरानी खिरा और सचिव अनुराधा दीक्षित ने तत्परता दिखाते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अवसंरचना योजना के अंतर्गत इस मार्ग के निर्माण कार्य की शुरुआत करा दिया है। अब स्कूली छात्रों सहित ग्रामीणों को कीचड़ और गंदे पानी की समस्या से राहत मिलने जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी आवाज शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंची, जिसके परिणामस्वरूप अब गांव को एक बेहतर सड़क मिलने जा रही है। उन्होंने विधायक उमा देवी खटीक, सरपंच प्रेमरानी खिरा और सचिव अनुराधा दीक्षित के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया



**हिंडोरिया।** नगर के ठकरास मोहल्ला में चल रही भागवत कथा की पांच में दिन श्री कृष्ण की बाल लीला मैं पूतना वध और माखन चोरी के प्रसंग का वर्णन किया गया कथा में बताया गया कि कैसे पूतना ने कृष्ण को विशेला दूध पिला कर मारने की कोशिश की और कैसे कृष्ण ने अपनी लीला से पूतना का उद्धार किया। कथा वाचक पंडित भरत द्विवेदी ने कहा कि जो मनुष्य अपने माता-पिता की सेवा करता है वह जीवन में कभी अकेला नहीं होता उसकी सेवा करने से उसे समाज में सम्मान मिलता है और जीवन में सुख और समृद्धि मिलती है। जिस तरह रामायण हमें भगवान राम की जीवन से प्रेरणा वा मर्यादा में रहने की सीख देती है उसी तरह भागवत ग्रंथ भी हमें बड़ों का सत्कार व माता पिता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता हे उन्होंने आगे कहा कि जीवन में अच्छे कर्म के साथ संस्कार होना जरूरी है, बिना संस्कार के जीवन अधूरा हे भागवत कथा के श्रावण व मनन से बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार पैदा किए जा सकती हैं। ताकि उनका बौद्धिक और धार्मिक ज्ञान की तरफ रुझान बड़े उन्होंने पूतना उद्धार की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस ने उनको मारने के लिए अपने राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को गोकुल भेजा,राक्षसी भेष बदलकर बालकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। तब भगवान उसे मौत के घाट उतार कर उसका उद्धार कर देते हैं। इसके बाद माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन किया गया उक्त अवसर पर भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## ठंड की दस्तक शुरू होते ही गर्म कपड़ों की बढ़ने लगी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पिछले महीने से दबे पांव दस्तक देने के बाद अब ठंड प्रचंड रूप धारण करने वाली हैं। बर्फीली हवाएं हटा क्षेत्र में लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रही हैं। रात का तापमान लगातार कम हो रहा है। नवम्बर का पहला पखवाड़ा ठंड के मौसम के साथ प्रारंभ हुआ है पिछले 3 दिनों से शहर में ठंड का प्रभाव सुबह और शाम के साथ दिन में भी देखने को मिल रहा है। सोमवार को का सबसे न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले दिन भी ठंड से भरे होगें। यह असर अभी से दिखना प्रारम्भ हो गया है। जिले में इस बार वर्षा काल का मौसम पिछले 15 दिन पहले तक चलता रहा। हमेशा ऐसा होता आया है कि वर्षा काल की अवधि समाप्त होने के बाद लगभग 2 महीने मिले जुले मौसम के बीच निकलते हैं। जिसमें एक महीना सामान्य मौसम रहता है और दूसरे महीने के जाते जाते गुलाबी ठंड की शुरूआत होती है। इस बार वर्षा आखिरी तक चलने के कारण सीधे ठंड की शुरूआत हो गई है। इस वर्ष वर्षा अधिक होने से ठंड भी अच्छी पड़ने के आसार हैं। अब जाड़े का मौसम शुरू हो गया है पानी भी अब ठंडा लगने लगा है जिसके कारण लोग गर्म पानी का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस बार देखें तो सारे त्यौहार 20 दिन पहले चल रहे हैं लेकिन इस बार जितनी वर्षा हुई है उसके आधार पर यह आंकलन किया जा रहा है कि इस वर्ष अच्छी ठंड पड़ने के आसार हैं।

### गर्म कपड़ों से गुलजार हुआ बाजार

हटा के बाजार नए फैशन के गर्म कपड़ों से भर गए हैं। दुकानों में स्वेटर, जैकेट और शॉल की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। इस साल ट्रेंडी कपड़ों की मांग ज्यादा है और दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नवीनतम डिजाइन पेश किए हैं। कीमतें भी अलग-अलग हैं, जिससे हर बजट के लोग खरीदारी कर सकते हैं। फुटपाथ दुकानों से लेकर बड़ी दुकानों तक ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। कपड़ा व्यापारी पप्पू तिवारी, शैलेंद्र परिहार ने बताया कि इस वर्ष ठंड अधिक अनुमानित की गई है। इसके कारण कपड़ों का बाजार बेहतर रहने का अनुमान है। पिछले साल की तुलना में इस बार ग्राहकों की संख्या जल्दी बढ़ रही है। नवंबर के मध्य तक भीड़ और बढ़ेगी। बाजारों में युवा वर्ग के लिए स्टाइलिश हूडी, ट्रेंडी जैकेट्स, कोट और थर्मल वियर, वहीं महिलाओं के लिए शाल, कार्डिगन और ऊनी स्टोल की मांग बढ़ी है। दुकानदारों के मुताबिक, इस बार ग्राहक फैशन और आराम दोनों को ध्यान में रखकर कपड़े चुन रहे हैं।

## वान्या पेट्रोलियम में हुआ ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




पटेरिया स्थित वान्या पेट्रोलियम (BPCL) पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 40 से अधिक ड्राइवरों, किसानों, दुकानदारों एवं स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन BPCL के सेल्स मैनेजर प्रणव संजय ताड़ला ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को ईंधन की गुणवत्ता (Quality) और मात्रा (Quantity) से संबंधित सभी मानकों की जानकारी दी गई। श्री ताड़ला ने पम्प पर ही कई प्रक्रियाओं का लाइव डेमो प्रस्तुत किया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे 5 लीटर मात्रा परीक्षण (प्रमाणित माप पात्र से), डेन्सिटी जांच (हाइड्रोमीटर व थर्मामीटर से), वॉटर पेस्ट टेस्ट (टैंकों में पानी की दैनिक जांच), टैंकर सुरक्षा प्रणाली (EM-लॉक, VTS ट्रैकिंग, सील्ड कम्पार्टमेंट), मॉर्निंग डेन्सिटी एवं ओपनिंग स्टॉक का पारदर्शी प्रदर्शन, रिटेंशन सैंपल (MS के 2 व HSD का 1 नमूना) की जानकारी दी गई। इसके साथ ही शिकायत पुस्तिका एवं एस्केलेशन प्रक्रिया के बारे में बताया। साथ ही पंप पर मिलने वाली स्वच्छ शौचालय, फ्री एयर, पेयजल एवं ऑनलाइन भुगतान जैसी ग्राहक सुविधाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में उपस्थित उपभोक्ताओं ने बीपीसीएल की पारदर्शी प्रक्रियाओं व गुणवत्ता नियंत्रण की सराहना की। वान्या पेट्रोलियम पटेरिया , दमोह की ओर से बताया गया कि ऐसे कार्यक्रम उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाते हैं और BPCL के गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाते हैं।

### कलेक्टर ने चेक प्रदान कर सीएम हेल्पलाईन का किया निराकरण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज श्लेष पति देवेंद्र कुर्मी की सीएम हेल्पलाईन कलेक्टर समाधान में शिकायत का निराकरण किया। कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशानुसार शिकायतकर्ता को प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत 10 हजार 600 रुपए चेक के माध्यम से प्रदान किए गए। इस आशय की जानकारी हटा सीबीएमओ डॉ.उमाशंकर पटैल ने दी।

## दिव्यांग बच्चों का चिकित्सा मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश अनुसार एवं जिला शिक्षा केंद्र दमोह के आदेश के परिपालन में जन शिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तेंदूखेड़ा में 6 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों का चिकित्सा मूल्यांकन एवं परीक्षण एवं शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय शालाओं में अध्यनरत 69 बच्चे उपस्थित हुए जिसमें से 25 बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण प्रदान करने हेतु एल एम को की टीम विशेषज्ञों के द्वारा चिन्ह्यांकन किया गया। जिसमें दमोह जिला शिक्षा केंद्र से ए पी सी आईडी रोहित समारी एवं बीआरसी पीएल अहिरवार एवं दमोह एम आर सी रूपनारायण तिवारी उपस्थित रहे। जबलपुर एल एम को से पुनर्वास विशेषज्ञ नरेंद्र, सौरभ, आशीष, सत्यम एवं दिलीप सर टेक्नीशियन एवं डाटा मेन उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित बच्चों को चाय पानी एवं भोजन की व्यवस्था की गई एवं बच्चों को आने-जाने हेतु नगद राशि का भी वितरण किया गया जिसमें विद्यालय से बच्चों को लाने ले जाने हेतु शिक्षक एवं चालक भी उपस्थित रहे। जनपद शिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा में पदस्थ सभी सीएसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में नोडल प्रभारी श्री शंकर लाल अहिरवार एवं बी ए सी इंदर सिंह ठाकुर के साथ-साथ समस्त बीएसी समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## बंदीगण प्रण लें कि वे नशे से रहेंगे दूर-जिला न्यायाधीश




**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक सेवा सप्ताह 09 नवंबर से 14 नवंबर अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के निर्देश एवं कुशल मार्ग दर्शन में किया जावेगा।उक्त सप्ताह अंतर्गत 10 नवम्बर को बंदियों को प्राप्त विधिक अधिकारों व विधिक सहायता के प्रकरणों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला जेल दमोह में किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय जिला न्यायाधीश धर्मेशभट्ट, विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाईच सहित समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा जेल स्टाफ उपस्थित रहे। द्वितीय जिला न्यायाधीश धर्मेशभट्ट ने कहा कि जैसी भी परिस्थितियों के कारण आपने जेल में प्रवेश लिया है उन परिस्थितियों से सबक लेकर आगामी जीवन में अपराध ना करने का प्रण लें, जेल में विगत पांच दिवस से रामकथा का आयोजन किया गया, जिसमें बतायी गयी आध्यात्मिक, धार्मिक व कर्मफल से जुड़ी बातों को आत्मसात करें। ऐसे बंदी जो नशे के आदी थे अब चूकि जेल में रहने के दौरान नशा छूट चुकाहै इसीलिए वे भी प्रण लें कि जेल से निकलने के बाद नशे से दूर रहेंगे। ऐसे बंदी जिन्हे न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और वे विधिक सहायता के माध्यम से अपील करना चाहतें हैं तो समय सीमा में अपने आवेदन जेलर के माध्यम से विधिक सहायता कार्यालय में प्रेषित करें ताकि उनकी अपील समय सीमा में प्रस्तुत करायी जा सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया दमोह ने बताया कि विधिक सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत आज बंदियों को प्राप्त विधिक अधिकारों की जानकारी दिये जाने तथा उन्हें प्राप्त विधिक सहायता के प्रकरणों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें विधिक सहायता प्राप्त बंदियों को उनके प्रकरण की अद्यतन जानकारी लीगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा दी जावेगी सभी विधिक सहायता प्राप्त बंदी अपने अपने प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करें, साथ ही आपने 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का आभार जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति ने किया।

## भाजपा कार्यालय में गूंजा देशभक्ति का स्वर



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय दमोह में आज राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन कर भारत माता के प्रति अपनी श्रद्धा और देशभक्ति व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान वातावरण "वंदे मातरम" के जयघोष से गूंज उठा। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता और गौरव की भावना को प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे ने कहा कि "वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र गौरव, स्वाभिमान और स्वतंत्रता का प्रतीक है। जिस गीत ने आजादी के आंदोलन को दिशा दी, उसके 150 वर्ष पूरे होना हम सभी के लिए अत्यंत गर्व की बात है। यह गीत हमें सदैव मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।" कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, अमित बजाज, मनीष तिवारी, राघवेंद्र सिंह परिहार, पूर्व जिला महामंत्री सतीश तिवारी, गोपाल पटेल, जिला मंत्री भरत यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, दान सिंह, अनुपम सोनी नृपेन्द्र सिंह, सिकंदर खरारे, शैलेष पटेल, दीपक मिश्रा, राजुल चौरहा, प्रियंक सिंह, शिवेंद्र तिवारी, विधान पारासर, वैभव पटेल, सृजन असाटी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पार्टी सदस्यों ने भाग लेकर देशभक्ति का उत्साह प्रदर्शित किया। सभी ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देते रहेंगे।

## जागेश्वरनाथ धाम में विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रगीत गायन

**बनवार (दमोह)।** देव श्री जागेश्वरनाथ मंदिर की प्राचीन बाबड़ी परिसर में चल रहे वंदे मातरम गायन समारोह के तृतीय दिवस पर आज राष्ट्रगीत की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर महर्षि विद्यालय एवं संस्कृत वेदांग विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का गायन कर देशभक्ति की भावना से सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मंदिर के सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव, अखिलेश चाँदोरकर, मंदिर प्रबंधक श्री रामकृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे, कुंजीलाल डिम्हा, वीरेंद्र मिश्रा तथा नीलेश कुरेरिया सहित अन्य श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। राष्ट्रगीत के पश्चात सभी उपस्थित विद्यार्थियों और भक्तों ने एक स्वर में जय श्री जागेश्वरनाथ जी की के जयकारे लगाए, जिससे पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके बाद वैदिक परंपरा के अनुरूप विद्यार्थियों द्वारा 'श्री रुद्राष्टकम' का सस्वर पाठ किया गया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक बन गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत किया जा रहा है। समारोह का समापन कल सामूहिक दीपदान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### निर्धारित से अधिक दामों पर बेची जा रही शराब

**फतेहपुर।** फतेहपुर देसी अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान पर खुले आम प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब बेची जा रही है। जिसमें सुराप्रेमियों मैं रोप बना हुआ है। बताया जा रहा है कि जहां पहले ठेकेदार ने जमकर 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत एमआरपी से ज्यादा मूल्य की वसूली की जा रही है। वही ठेकेदारी खत्म होने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि निर्धारित मूल्य पर शराब उपलब्ध होगी लेकिन आबकारी विभाग के कर्मचारी द्वारा भी दुकान में एमएसपी मूल्य तो छोड़िए एमआरपी मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री की जा रही है। शराब सुर प्रेमियों ने बताया कि इस वर्ष जब से ठेके हुए हैं तब से यह मनमानी जारी है। वहीं इसकी शिकायत अब कहां करें इसे लेकर भी संशय बना हुआ है क्योंकि यह सब आबकारी विभाग की मिली भगत से चल रहा है।

### किराना दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर स्थित विभिन्न थोक किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यवाही में नया बाजार नंबर 1 स्थित मनमोहन लाल नन्नईलाल फर्म का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित कंपनी पैक्ड गोपीश्री गाय का घी एवं तिलक ब्रांड भगर मिलेट्स के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### राज्यमंत्री आज दद्दा धाम, झिंझरी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में होगें शामिल

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल आज 10 नवम्बर, सोमवार शाम 05 बजे भोपाल से बिलखिरिया, सांची, सागर, गढ़ाकोटा होते हुए रात्रि 9:30 बजे दमोह पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। आप 11 नवम्बर, मंगलवार प्रातः 9 बजे दद्दा धाम, झिंझरी जिला कटनी के लिए प्रस्थान करेंगे। आप प्रातः 11 बजे दद्दा धाम, झिंझरी पहुंचकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप दोपहर 12:15 बजे दद्दा धाम, झिंझरी से दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 2:15 बजे दमोह पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। तत्पश्चात राज्यमंत्री श्री पटेल रात्रि विश्राम करेंगे।

## पुल के अभाव में ग्रामीणों को लगाना पडता है लंबा चक्कर

# क्षतिग्रस्त ब्यारमा नदी झापन घाट पुल का निर्माण कराये जाने उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नोरादेही अभ्यारण्य) स्टेट हाईवे क्रमांक 15 की सीमा से निकली ब्यारमा नदी झापन घाट पर निर्मित पुल विगत 3 माह पूर्व 30 जुलाई को हुईं तेज बारिश के कारण बाढ़ आजाने से पुल का स्लैब बह गया था जिससे प्रतिदिन सैकड़ो फोर व्हीलर भारी वाहन एवं जबलपुर से सागर भोपाल इंदौर जाने वाली यात्री बसों का आवागमन बंद हो गया था। जिला प्रशासन द्वारा अस्थाई रूप से झलोन से बाया हरदुआ इमलिया होते हुए सभी वाहनों को संचालन की अनुमति मिलने से 25 किलोमीटर की अधिक दूरी तय कर यात्री वाहनों को आने जाने में 50 किलोमीटर की अधिक दूरी तय कर यात्रियों को 70 रूपये का अधिक किराया एवं अधिक समय देकर यात्रा कर आर्थिक संकट झेलना पड रहा था। गौरतलब है कि यह सड़क मार्ग स्टेट हाईवे क्रमांक 15 होने से जबलपुर से सागर आने-जाने के लिए व्याहा कटंगी सड़क मार्ग से 30 किलोमीटर एवं व्याहा तेंदूखेड़ा तेजगढ़ सड़क मार्ग से 35 किलोमीटर दूरी कम होने से सैकड़ो कार फोर व्हीलर ट्रक ट्राला एवं अनेक यात्री बसों के संचालन कम हो जाने से अनेक चाय ढाबा संचालक अन्य व्यापारियों को रोजी-रोटी के संकट से जूझ रहे हैं। पुल के उस पार झापन सूरादेही लकलका सहित एक दर्जन ग्राम वासियों का स्वास्थ्य चिकित्सा एवं रोजमर्रा की सामग्री की खरीदारी के लिए झलौन आने जानें में 5 से10 किलोमीटर की जगह को 25 से 50 किलोमीटर की दूरी अधिक तय कर संकट से जूझ रहे हैं।



### झलौन चौराहे पर बढ़ा डाइवर्ड संकेत बोर्ड लगाए जाने की जरूरत



झलौन से बाया इमलिया होकर रहली सागर की ओर पहली बार जाने वाले कार एवं अन्य वाहन चालकों को झलौन में लगायें गये छोटे से बिना रेडियम बाले संकेत बोर्ड दिखाई नही देते हैं। जिससे सीधे वाहन चालक झापन घाट पुल के पास तक पहुंचकर पुनः वापस होकर लौटते हैं जिससे लगभग 10 किलोमीटर का ईर्धन एवं समय बर्बाद हो जाता है। अतः शासन प्रशासन से क्षेत्र वासियों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त झापन घाट ब्यारमा नदी का पुल शीघ्र निर्माण कराया जाये।

# अर्धवार्षिक परीक्षा में अनियमितता पर प्राचार्यों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में अर्धवार्षिक परीक्षाएं संचालित हैं, जिन्हें कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर संचालित किया जा रहा है। समस्त विद्यालयों में कैमरे की निगरानी में परीक्षाएं संचालित हो रही है, जिला स्तर पर कंट्रोल एण्डि कमांड सेंटर बनाया गया है, जहां से प्रत्येक विद्यालय में संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया जाता है, जिन विद्यालयों में गड़बड़ी पाई गई है, उनमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया के प्राचार्य एम. एल. भारद्वाज, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्होरी माला के प्राचार्य गोपाल महोबिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी के प्राचार्य हरिशंकर लोधी, शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्राचार्य मोहम्मद नाजिर खान, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा के प्राचार्य मोहन सेन एवं शासकीय हाई स्कूल दिनारी के प्राचार्य रेवंत सिंह ठाकुर को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा गया है। सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवडोगरा के निरीक्षण में पाया गया कि प्राचार्य श्रीमती नीता चौरसिया द्वारा दोनों पालियों के प्रश्न पत्र सुबह ही निकाले जा रहे हैं, जिसे परीक्षा में गंभीर गड़बड़ी मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तुरंत प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया तथा आगामी परीक्षाओं में निर्देशित किया कि दोनों पालियों के प्रश्न पत्र सभी प्राचार्यो द्वारा अलग-अलग परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटे पूर्व निकाले जाएं यदि कहीं से इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध गंभीर लापरवाही मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

### करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर होंगे शामिल

# दमोह में होगी जन क्रांति न्याय यात्रा एवं जनसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

करणी सेना परिवार द्वारा 'जन क्रांति न्याय यात्रा एवं जनसभा' का आयोजन 21 नवंबर 2025, शुक्रवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर द्वारा किया जाएगा। सागर संभाग महामंत्री निहाल सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर ने समाज से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाएं तथा न्याय की इस लड़ाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। यात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे से रॉयल दमयंती पैलेस, मारूताल बायपास से होगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इसमें महाराणा प्रताप चौक, किल्लाई नाका चौक, तीनगुल्ली चौराहा, राय तिगड्डा, घंटाघर आदि स्थान शामिल हैं। कार्यक्रम का मुख्य चरण जनसभा होगा, जो दोपहर 1 बजे मानव भवन, अंबेडकर चौक दमोह में संपन्न होगी। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित होने और सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# अनुपस्थित पाये जाने पर सबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह।** जिले अंतर्गत निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने SIR कार्य में प्रगति लाने हेतु राजस्व अधिकारियो को क्षेत्र भ्रमण कर कार्य में प्रगति लाए जाने हेतु निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व ) हटा राकेश सिंह मरकाम ने SIR कार्य के तहत क्षेत्र भ्रमण कर कार्य की समीक्षा की। कार्य में अनुपस्थित पाए गए तहसील हटा के पटवारी रिचा राही, मनीष स्वामी, नितिन तिवारी, रूप सींग गौड़, दीपक गौड तथा बी.एल.ओ. राजेश अहिरवार, प्राथमिक शिक्षक मलवारा को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए है। इस दौरान क्षेत्र में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं बी.एल.ओ. सुपरवाईजर भी भ्रमण पर रहे, जिन्होंने मतदाताओं से चर्चा की जाकर SIR कार्य के संबंध में जागरूक किया तथा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में संलग्न कर्मचारियों के कार्यो की समीक्षा की गई।

# सांसद खेल महोत्सव मैराथन दौड़ की तैयारियों पर बैठक आयोजित

**दमोह।** आगामी सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ की तैयारियों को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय दमोह में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, प्रतिभागियों के पंजीयन, आयोजन की व्यवस्थाओं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मैराथन दौड़ का आयोजन 16 नवम्बर 2025, प्रातः 7 बजे से भाजपा कार्यालय दमोह से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियाँ सुनिश्चित करते हुए आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि "सांसद खेल महोत्सव युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। भाजपा कार्यकर्ता संगठन की भावना के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देंगे।

# आरईएस के अधिकारियों ने किया निर्माण स्थल का निरीक्षण

**जबेरा।** जबेरा में एक करोड रुपए की लागत से खेल मैदान का निर्माण हो रहा है जिसमें ठेकेदार की द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिस कारण से नवनिर्मित दीवारों में दरारें आ गई थी। जिसकी खबर हरिभूमि के द्वारा दिनांक 2 नवंबर 2025 को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। हरीभूमि की खबर पर प्रशासन हरकत में आया एवं आज आरईएस के ई ई मनोज गुप्ता निर्माण स्थल पर पहुंचे एवं दीवारो में जो दरारें आई थी उन सभी दीवारों को गिराने के आदेश दिए। इस अवसर पर ई ई मनोज गुप्ता के साथ एसडीओ शिवजी गोंड भी साथ में थे प्रशासन के इस निर्णय पर ग्राम वासियों एवं खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि अब गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो ऐसी हम सभी अपेक्षा करते हैं।

### लाल के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं हुई : कानून गो

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने मिशन अस्पताल के संचालक आरोपी डॉ. अजय लाल को अवैध कहा। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण, बच्चों का अवैध मतांतरण, लोगों की आस्था से खेलना, एससी एसटी के लोगों का धन्मांतरण करना कर देना। ये सारे काम करने वाला अजय लाल खुद अवैध है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता मुकेश नायक के द्वारा अजय लाल को बेकसूर बताने के बयान पर प्रियंक कानूनगो ने कहा कि मुकेश नायक बेरोजगार हैं, अपना रोजगार ढूंढने के लिए अनर्गल बातें कर रहे हैं। कानूनगो दमोह में चल रहे स्वदेशी मेले में शामिल होने दमोह पहुंचे थे और इस दौरान वो बाल्मिक समाज के लोगों से बिल्ली पहुंचे थे वहीं पर उन्होंने पत्रकारों से यह बात कही। इसके अलावा उन्होंने जिला और पुलिस प्रशासन पर अजय लाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न करने के आरोप भी लगाए। आपको याद होगा कि मिशन अस्पताल से जुड़ा ये वही मामला है जिसमें एक फर्जी डॉक्टर की लापरवाही से सात मरीजों की मौत हो गई थी।

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण....

# अस्पताल मे पीएम सुरक्षित मातृत्व शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औपचारिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहाँ संचालित पीएम सुरक्षित मातृत्व शिविर का जायजा लेते हुये सभी डॉक्टर और नर्सों को निर्देशित करते हुए गर्भवती महिलाओं के खानपान और उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। और कहां कि शिविर के माध्यम से महिलाओं की नियमित जांच होनी चाहिए। जो भी महिला कुपोषित या कमजोर दिखे उसे तत्परता से लेते हुए उसका विशेष ध्यान रखना हैं। और शिविर के माध्यम से समय-समय पर उनकी जांच करना साथ ही गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की देखभाल के साथ-साथ डिलेवरी के समय किसी भी महिला की जान ना जाए। इसके बारे में भी केन्द्र के समस्त स्टाफ को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही हिंडोरिया केन्द्र के बीएमओ डॉ.अमित मिश्रा ने भी कलेक्टर व्दारा बताए हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करने भरोसा दिलाया। श्री मिश्रा ने बताया कि केन्द्र मे आयोजित प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर के दौरान 94 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इसके अलावा सभी महिलाओं को फल एवं पौष्टिक आहार वितरित किया गया। साथ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी कलेक्टर से वार्ता करते हुए बताया कि हम लोग दिन-रात काम करते हैं मगर हम लोगों की आज तीन महीने से वेतन नहीं हुई। जिसका आश्वासन कलेक्टर साहब ने देते हुए कहा कि ऊपर बात कर कर जल्द से जल्द इसका भी निराकरण किया जाएगा। बंद एक्स रे मशीन के बारे हाई वोल्टेज की समस्या सामने आ रही है इस पर कलेक्टर ने जेई से बात कर अस्पताल का ट्रांसफार्मर शीघ्र बदलने को कहा है।



# शराब पीकर बाइक चलाना पड़ा महंगा

## पुलिस ने पकड़कर किया 10 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



ड्रिंक एवं ड्राइव के मामले में हटा पुलिस ने दो वाहन चालकों को पकड़कर 10 हजार रुपए का जुर्माना किया। दोनो युवक शराब के नशे में लापरवाही पूर्वक बाइक चला रहे थे जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार हटा थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पुलिस के आरक्षक मंदिर मस्जिद चौराहे पर ड्यूटी पर थे तभी वहां से तेज रफ्तार में बुलेट क्रमांक एमपी 34 ZA 0683 पर सवार होकर बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकालते हुए एक युवक घूम रहा था जो बीच चौराहे पर लापरवाही पूर्वक बुलेट चला रहा था। युवक को पुलिस ने पकड़ लिया जिसके पास हेलमेट भी नही था। पुलिस ने जब जांच की तो बाइक चालक शराब के नशे में था, पुलिस ने उसके वाहन को जप्त कर लिया। वही इसी तरह बस स्टेंड पर काले रंग की डिस्कवर बाइक क्रमांक एमपी 34 एम एमसी 1387 पर सवार एक युवक शराब के नशे में बेतरतीब बाइक चला रहा था जिससे दुर्घटना का अंदेशा था। बस स्टैंड पॉइंट पर तैनात पुलिस आरक्षक ने जब उसे पकड़ा तो वह अधिक शराब के नशे में था। जिसकी बाइक को जप्त कर हटा थाने लाया गया। दोनो बाइक चालक अखिल कुमार पिता अमर सिंह ठाकुर निवासी प्रेमपुरा एवं संस्कार पिता दिनेश पाराशर निवासी चण्डी जी वार्ड हटा के विरुद्ध 185 एमव्ही एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही करते हुए 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। लंबे समय बाद शराब पीकर लापरवाही पूर्वक बाइक चला रहे दो बाइक चालको पर भारी भरम जुर्माना लगाया गया है। हटा पुलिस ने संदेश दिया है कि नियम कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वही अक्सर नगर की सड़कों पर बुलेट चलाते नव युवक मिलते हैं जो लोगो के पास से बुलेट धड़ धड़ाते हुए निकल जाते हैं। इनमें से कुछ बाइक तेज आवाज में पटाखे छोड़ती है। अचानक इसकी तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग कांप जाते हैं। इससे एक्सीडेंट का भी खतरा बना रहता है। साथ ही छोटे छोटे बच्चों एव बुजुर्गों को नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। ऐसे बुलेट चालकों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग लोगो ने की है।

# हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की हुई निः शुल्क जांच

**दमोह।** मातृ स्वास्थ्य अंतर्गत प्रदेश में प्रति माह 09 और 25 को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की निशुल्क संपूर्ण जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण की जाती है। इस अभियान के तहत, दमोह जिले के पटेरा विकासखंड में काफ़ी लंबे समय से महिला चिकित्सक न होने के कारण बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता था जहां उपचार हेतु गर्भवती महिलाओं को दमोह तक या हटा दौड़ना पड़ता था। कलेक्टर श्री कोचर द्वारा निर्धारित जीरो MDR लक्ष्य अंतर्गत महिलाओं की पीड़ा और समस्याओं को देखते हुए महिला जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी द्वारा कलेक्टर श्री कोचर के सहयोग से एक महिला स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर को सेवाएं देने हेतु आग्रह किया गया, जहां महिला डॉक्टर की उदारता सामने आई उन्होंने पटेरा विकासखंड में आयोजित होने वाले प्रति माह सभी pmsma कैंप में पहुंचकर सभी हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच ओर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की सहमति दी। आज 10 नवंबर को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में डॉक्टर अनु हांडा स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ समय से पहुंची और पटेरा विकासखंड की 44 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिला चिकित्सक के द्वारा महिलाओं की परीक्षण के समय एक अति गंभीर PIH महिला के पाए जाने पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चटर्जी से संपर्क कर तत्काल जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया जहां उसका उपचार समय रहते प्रारंभ किया गया।

## जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# एक वर्ष से लापता शिक्षक का वेतन निकालने वाले शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाले शासकीय शाला देवरी सड़क में अटैच एक शिक्षक के विगत एक वर्ष से लापता होने के बावजूद शिक्षक का हर माह वेतन निकाला जा रहा है। लापता शिक्षक का हर माह वेतन निकालने वाले शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने भगवती मानव कल्याण संगठन के साथ जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए बताया गया कि विगत दिनों जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने जबेरा विकासखंड की शासकीय शाला देवरी सड़क का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया कि शाला में अटैक शिक्षक द्वारका प्रसाद चक्रवर्ती लगभग एक वर्ष से शाला नहीं आ रहे और रिकॉर्ड के अनुसार रजिस्टर में कहीं भी उनकी उपस्थिति नहीं पाई गई। इसी तरह अपने मूल पद स्थापना के स्कूल डेलनखेड़ा विगत 14 वर्ष से नहीं गए और देवरी सड़क साला में उनका अटैचमेंट है जो पूर्व में कभी-कभार स्कूल आते थे किन्तु यहां भी एक वर्ष से निरंतर लापता है। ज्ञापन में बताया गया कि इस लापता शिक्षक का वेतन देयक पत्रक शिक्षक भोला प्रजापति द्वारा हर माह संकुल जबेरा भेजा जा रहा है और संकुल प्राचार्य मोहन सेन के द्वारा हर माह वेतन निकाला जा रहा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि स्पष्ट है कि शिक्षक भोला प्रजापति एवं संकुल प्राचार्य जबेरा की मिली भगत से वेतन निकल रहा है जिस पर दोनों शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही करने की मांग ज्ञापन में की गई है।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री स्वपनिल,शंशाक पिता संतोष सिंघई वार्ड क्रमांक 11 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 176 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 176 वार्ड क्रमांक 11 श्री संतोष सिंघई पिता श्री बालचंद सिंघई का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 10/11/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**